सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

विश्व हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन हमें हिन्दी भाषा की सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक महत्व पर गर्व के साथ, हिन्दी के विस्तार के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दिन के उपलक्ष्य में विदेश मंत्रालय और विश्व भर में भारतीय मिशनों एवं केंद्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है।

भाषा एक सेतु की तरह है जो हमें अतीत से जोड़ती है और भविष्य की संभावनाओं की ओर ले जाती है। भाषा के जरिए ही एक समाज अपने ज्ञान, संस्कृति एवं संस्कार को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाता है और नए विचारों एवं नवाचारों को प्रभावी रूप से आगे लाने का माध्यम बनता है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में सदियों से विभिन्न भाषाएं पुष्पित-पल्लवित होती रही हैं और इनका सह-अस्तित्व हमारे देश की विशेषता है। हिन्दी भाषा 'विविधता में एकता' की हमारी इस परंपरा को और सशक्त करती है।

हिन्दी की सरलता, सहजता और सुग्राह्यता ने विश्व के विभिन्न देशों में इसकी लोकप्रियता बढ़ाई है। हिन्दी साहित्य, सिनेमा समेत कला की विभिन्न विधाओं के प्रति दुनिया भर में लोगों का स्नेह निरंतर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिन्दी के बढ़ते उपयोग को देखना हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण है।

डिजिटल युग में हिन्दी के प्रचार-प्रसार को एक नई गति प्राप्त हुई है। नए तकनीकी युग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यमों के बढ़ते उपयोग ने इसे विशेष रूप से युवाओं के बीच एक रुचिकर भाषा के रूप में स्थापित किया है।

मुझे विश्वास है कि विश्व हिन्दी दिवस पर हिन्दी को समृद्ध बनाने के संकल्प को दोहराकर हम आगे बढ़ेंगे। इस विश्वास के साथ एक बार पुन: सभी भाषा प्रेमियों, विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों एवं केंद्रों के साथियों को विश्व हिन्दी दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

नरेन्द्र मोदी

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
पौष 17, शक संवत् 1946
07 जनवरी, 2025